मुख्यतया प्रशासनिक अधिकारी होंगे और एक्स-ओफिसियो मैम्बर होंगे। ये इस अथोरिटी के पूर्ण-कालीन सदस्य नहीं होंगे। इसके अलावा जो साइंस एवं टेक्नोलोजी से या इंडस्ट्रीज या फार्मर्स आर्गेनाइजेशन्स से लेने की बात कही गई है, उनके अधिकार कितने होंगे, यह भी इसमें डिफाइन नहीं किया गया है। फिर, इस कानून के माध्यम से यह जो इस प्रकार की अथोरिटी या इस प्रकार की जो संस्था बनेगी, वह इस बारे में कितनी सहायता कर सकेगी? क्योंकि जो सदस्य इसमें उपलब्ध हैं, वे इसमें पूरा समय नहीं दे पाएंगे और उसका कारण यह है कि उनका यह काम सेकेंडरी है, उनका मुख्य काम तो मंत्रालयों के साथ जुड़ा हुआ है। उनका यह काम फुल टाइम न होने के कारण वे इसमें पूरा समय दे पाएंगे, इसमें शंका है।

महोदय, अच्छा होता कि इस अथोरिटी में महिलाओं के लिए भी कुछ स्थान रखे जाते, क्योंकि महिलाएं खाद्य विभाग से जुड़ी हुई रहती हैं। इसलिए इस प्रकार की व्यवस्था होती, जिसमें महिला संगठनों से भी कुछ मैम्बर होते, तो उनका लाभ निश्चित रूप से मिल सकता था। जो लोग इस फूड डिपार्टमेंट से जुड़े रहते हैं, जो इसमें एक्सपरटाइज़ रखते हैं, उन लोगों को अगर इसमें अधिक से अधिक जोड़ा जाता, तो यह अधिक कारगर होता और यह अथारिटी अपने काम को अधिक कारगर ढंग से कर पाती। महोदय, इस बिल के मुख्य उद्देश्य में कहा गया है - "The Bill is to provide for a systematic and scientific development of Food Processing Industries." यह मुख्य उद्देश्य बिल में डिफाइन किया गया है, किन्तु फूड सेफ्टी एंड स्टेंडर्ड्ज़ अथारिटी का जो मुख्य उद्देश्य इसमें कहा गया है, वह है फूड सेफ्टी एंड स्टेंडर्ड्ज़ सुनिश्चित करना। तो ये दोनों उद्देश्य अलग-अलग हैं और जैसा कि माननीय सदस्य ने कहा कि पूरा जो बिल है, चूंकि यह बिल फूड प्रोसैसिंग विभाग से आया हुआ है और इसमें फूड इंडस्ट्री को मोनिटर और प्रमोट करने की बात कही जा रही है, तो यह विरोधाभास इस बिल में दिख रहा है।

महोदय, इस कानून के अंतर्गत कोई भी ऐसा व्यक्ति या संस्था, जो खाद्य पदार्थ को प्रोसैस या बिक्री करती हो, वह आती है। इस कानून के अंतर्गत आर्गेनाइज्ड सैक्टर में काम करने वाला फूड प्रोसैसर भी आता है तथा अनआर्गेनाइज्ड सैक्टर में काम करने वाले छोटे-छोटे वेंडर्स, छोटे-छोटे होटल तथा घर-घर घूमकर बेचने वाले व्यक्ति भी आते हैं तथा इस प्रकार के अनआर्गेनाइज्ड सैक्टर में काम करने वालों की संख्या बहुत बड़ी है और मेरा यह मानना है कि ये दोनों बातें, अगर आप देखें कि जो फूड प्रोसैसर इंडस्ट्री में काम कर रहा है या जो फूड प्रोसैस इंडस्ट्री है, वह एक अलग विषय है और जो ये छोटे-छोटे वेंडर्स, होटल्स या हॉकर्स हैं, इनका काम बिल्कुल अलग है और अगर इन दोनों को एक साथ जोड़ेंगे, दोनों में कानून अगर एक साथ लागू करेंगे तो इसमें निश्चित रूप से समस्या आने वाली है और यही इस बिल की सबसे बड़ी समस्या है, यह मैं मानता हूं।

महोदय, कानून के तहत जो प्रावधान किए गए हैं, उनके अंतर्गत इन छोटे-छोटे वेंडर्स के लिए, घूम-घूम कर बेचने वालों के लिए, छोटी-छोटी दुकान लगाने वालों के लिए पंचायत या म्युनिसिपेलिटी से रजिस्ट्रेशन कराने की बात कही गई है। ये छोटे-छोटे हॉकर्स जो होते हैं, इनके लिए लाइसैंस लेना या रजिस्ट्रेशन कराना बहुत मुश्किल काम है। मुख्यतः हॉकर्स का यह ग्रुप या जो छोटे-छोटे वेंडर्स होते हैं, ये पढ़े-लिखे लोग नहीं होते, साधारण लोग होते हैं, जिन्हें कानून के बारे में बहुत कम जानकारी होती है और इस कारण इस कानून के अंतर्गत उनको लाने के लिए उनका रजिस्ट्रेशन कराना या उनके द्वारा कानून के बारे में पूरी जानकारी लेना,

बहुत कठिन काम है। मैं यह मानता हूं कि यदि इन वेडर्स को रजिस्ट्रेशन से मुक्ति मिल सकती और इस कानून मे कोई ऐसी व्यवस्था होती, जिससे कि वे जो खाद्य पदार्थ बेच रहे हैं, ऐसी जागरूकता उनके अंदर लाई जाती, ऐसी किसी ट्रेनिंग की उनके लिए व्यवस्था की जाती, जिससे कि उसको वे ठीक ढंग से बेच भी सकते, अपनी रोजी-रोटी भी कमा सकते और लोगों को भी ठीक खाद्य पदार्थ मिल सकते, तो ज्यादा अच्छा होता। इसलिए मैं मंत्री महोदय से आग्रह करता हूं कि वे इस बारे में विचार करें।

महोदय, आज जिस प्रकार की व्यवस्था, विशेषकर फूड प्रोसैसिंग इंडस्ट्री में है और अभी जैसा माननीय श्री शरद जोशी जी ने कहा, मैं भी उससे सहमत होते हुए कहना चाहता हूं कि भारत मे इस फूड प्रोसैसिंग इंडस्ट्री की बहुत बड़ी संभावनाएं हैं। आज इस देश के कृषि क्षेत्र का विकास यदि हमको करना है तो वह फूड प्रोसैसिंग इंडस्ट्री को बढ़ावा देने से ही हो सकता है, यह सत्य है। इसके लिए हमें आवश्यकता है कि इस कानून के माध्यम से फूड प्रोसैसिंग इंडस्ट्री को तो हम लाएं, किन्तु जो छोटे-छोटे हॉकर्स हैं, अनआरगेनाइज्ड सैक्टर में काम करने वाले लोग हैं, उनको इससे मुक्ति मिले, उनके लिए कोई अलग प्रकार की ऐसी व्यवस्था की जा सके, जिससे कि उनको इस कानून के द्वारा कोई असुविधा न हो।

महोदय, इसमें एक बात और कही गई है। इसमें फूड सेफ्टी स्टैंडर्ड्स एथॉरिटी बनाई गई है और प्रोसैसिंग, स्टोरेज, डिस्ट्रीब्यूशन और सेल को मोनिटर करने की बात कही गई है, किन्तु इसमें transportation of the goods यानी खाद्य पदार्थों के ट्रांसपोर्टेशन को कहीं पर भी नहीं लिया गया है। ट्रांसपोर्ट व्यवस्था की मॉनिटरिंग करने की कोई भी व्यवस्था इसमें नहीं है। मैं यह मानता हूं कि ट्रांसपोर्ट की मोनिटरिंग किए बिना हम फूड सेफ्टी के बारे में सोच भी नहीं सकते हैं।

दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि इस बिल में पोर्टेबल ड्रिंकिंग वॉटर की बात भी नहीं कही गई है। पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर की बात तो कही गई है, किन्तु एक बात को छोड़ दिया गया है। खाद्य पदार्थ को तैयार करने में जिस जल का उपयोग होगा, उसके बारे में तो निश्चित रूप से कहा गया है, लेकिन मेरा यह मानना है कि जो जल आज उपलब्ध है, वह विशेष तौर पर किसी सरकारी एजेंसी, म्यूनिसिपैलिटी अथवा किसी अन्य संस्था के माध्यम से आता है। वह जल कितना शुद्ध है, इस बारे में भी हमें जानकारी लेने की आवश्यकता है।

[उपसभाध्यक्ष (श्री कलराज मिश्र) पीठासीन हुए।]

क्या यह संभव है कि जो खाद्य पदार्थ तैयार करेगा, वह केवल पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर का ही उपयोग करेगा? इस बिल में यह व्यवस्था है कि यह एथॉरिटी इस बात का ध्यान रखेगी कि जो खाद्य पदार्थ बनाए जा रहे हैं, वह ठीक जल से बनाए जा रहे हैं या नहीं। लेकिन इसके लिए यह भी तो देखना होगा कि जो जल उपलब्ध है, वह ठीक है या नहीं। आज डिस्ट्रिब्यूशन से लोगों को जो पानी दिया जा रहा है, वह ठीक है या नहीं? मैं समझता हूं कि इसे देखने की कोई भी व्यवस्था इस बिल में नहीं है और इसके कारण निश्चत रूप से इस प्रकार के कानून के इम्प्लिमेंटेशन में असुविधा आएगी।

मैं जो दूसरी बात कहना चाहता हूं, जिस प्रकार से रजिस्ट्रेशन की बात कही गई है, उसके साथ ही इस कानून के संबंध में एक बात और भी कही गई है। इसकी धारा 40 (1) में लिखा है -

> "The Food Safety Officer may search any place, seize any article of food or adulterant, if there is a reasonable doubt about them being involved in commission of any offence relating to food."

इसमें फूड सेफ्टी ऑफिसर को सर्च करने का अधिकार दिया गया है, किन्तु उसकी सीमा नहीं बताई गई है, इसका अर्थ यह है कि उसके अधिकार असीमित हैं। इसकी धारा 42 (1) मे कहा गया है -

> "The Food Safety Officer shall be responsible for inspection of food business, drawing samples and sending them to Food Analyst for analysis."

यह कानून पीएफए ऐक्ट को खत्म करके बनाया गया है। पीएफए ऐक्ट मे इस चीज़ को विस्तार से दिया गया है कि कैसे सैम्पल ड्रॉ किया जाए, सैम्पल प्रोडक्ट को रिपेजेंटेटिव होना चाहिए, सैम्पल कितनी क्वांटिटी मे लेना है, सैम्पल लेने के बाद उसकी पैकिंग और उसकी सीलिंग का क्या प्रोवीज़न है, यह सब इस कानून में मिसिंग है। पीएफए में प्रोवीज़न है कि तीन सैम्पल लेने हैं, एक सैम्पल लैबोरेटरी को भेजा जाएगा, दूसरा सैम्पल हैल्थ एथॉरिटी को दिया जाएगा और तीसरा सैम्पल दुकानदार के पास रहेगा। इसका कारण यह है कि अगर डीएचओ सैम्पल को फेल करता है, तो उसे यह अधिकार होगा कि वह इस सैम्पल को सैंट्रल फूड एथॉरिटी से रीएसेस करवा सके। अगर वहां पर भी वह फेल हो गया तो उसमें पैनल प्रोविज़न की व्यवस्था भी की गई है ...**(व्यवधान)**...

उपसभाध्यक्ष (श्री कलराज मिश्र) : समाप्त कीजिए

श्री सुरेन्द्र लाठ : दो मिनट, सर, पैनल प्राविज़न के बारे मे इसमे जो प्रोविज़न दिए गए हैं, मैं उसके बारे में कहना चाहता हूं। इसमे जो पैनल प्रोवीज़न दिए गए हैं, उसमें एसडीओ रैंक के ऑफिसर्स को यह अधिकार दिए गए हैं, वह इन बातो को देख कर यह निश्चित करे कि फूड का मानक क्या है, उसके लिए वह यह देखें कि वह फूड एडल्ट्रेटिड है या नही है। उसके बाद उन्हें एक लाख रुपये तक जुर्माना करने का अधिकार दिया गया है।

महोदय, यह जो एक लाख रुपये की बात कही गई है, उसे एक रुपये से लेकर एक लाख रुपये तक जुर्माना करने का अधिकार दिया गया है। महोदय, इसके द्वारा निश्चित रूप से भ्रष्टाचार बढ़ेगा। उस ऑफिसर को एक रुपये से एक लाख रुपये तक जुर्माना करने का अधिकार दिया गया है। वह ऑफिसर जिस किसी भी आदमी या दुकानदार से बात करेगा, उसके निर्णय पर वह एक रुपया भी ले सकता है, पांच सौ रुपये भी ले सकता है, दस हजार रुपये भी ले सकता है, पचास हज़ार भी ले सकता है और एक लाख भी ले सकता है। कोई भी एमाउंट फिक्स नहीं किया गया है कि वह कितना जुर्माना करेगा। तो इसमें वह बारगेन करेगा कि आप मुझे कुछ दीजिए, मैं आपका जुर्माना कम कर देता हूं। इसकी व्यवस्था रहेगी।

उपसभाध्यक्ष (श्री कलराज मिश्र) : खत्म करिए, आपके दो मिनट तो हो गए।

श्री सुरेन्द्र लाठ : सर, लास्ट है।

महोदय, मेरा यह मानना है कि यह जो सारी व्यवस्था की गई है इससे उतना लाभ नहीं होगा, जितना नुकसान होने वाला है। यह कानून निश्चित रूप से लोगों को अच्छे खाद्य पदार्थ देने की नीयत से लाया गया है। लेकिन इसमें बहुत सारी विसंगतियां हैं। माननीय सदस्यों ने भी इन विसंगतियों के ऊपर अपनी बात कही है। इस कानून में बहुत अधिक विरोधाभास है और यह कानून इंस्पेक्टर राज को बढ़ाएगा, भ्रष्टाचार बढ़ेगा, छोटे-छोटे वेंडर्स तथा दुकानदारों को परेशान करने का जरिया भी बन सकता है। महोदय, इस बिल में इतनी विसंगतियां हैं कि इसके लागू होने पर छोटे-छोटे दुकानदार, हॉकर्स, वेंडर्स तथा छोटे-छोटे लोगों को यह प्रभावित करेगा तथा इन लोगों का कारोबार बंद हो जाएगा। सरकार शायद इस बिल के माध्यम से मल्टीनेशनल कम्पनियों जैसे कारपोरेट सैक्टर के फूड प्लाजा संस्कृति को बढ़ावा देना चाहती है, हजारों की संख्या में इसके द्वारा, यह जो छोटे-छोटे व्यापारी हैं, छोटे-छोटे वेंडर्स हैं, हॉकर्स हैं, वे बेरोजगार हो जाएंगे और इस समस्या का समाधान इससे नहीं होगा और यह जो बिल लाया गया है, मुझे नहीं लगता है कि जिस उद्देश्य के लिए लाया गया है, जिस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए लाया गया है, वह इससे सफल हो सकेगा। इसलिए मैं इस बिल का विरोध करता हूं। धन्यवाद।

MS. MABEL REBELLO (Jharkhand): Sir, I am standing here to support this Bill. I am happy that the hon. Minister has brought forward this comprehensive, consolidated and substantial Bill for food processing. Sir, this entire House is aware that it was late Shri Rajiv Gandhi, when he was the Prime Minister, who brought this Ministry of Food Processing and we need to salute him because he had a dream for the welfare of people of India. He realised that 70 per cent of the Indians live in villages and this food processing and food safety standards Bill concerns the farmer, the agriculturist and the fisherman. Sir, what is happening in our country? We are producing a large amount of fruits and vegetables. We are blessed with 365 days of sunlight and we have people who are willing to work and are very hard-working people and they produce large amounts of fruits. We are second in the world in producing fruits and vegetables. But what is happening? Large amounts of fruits and vegetables are wasted because we do not have post-harvest facility. My colleagues spoken before me mentioned that we do not have cold storages facility; we do not have processing facility. It is a fact. India is the country which produces the highest amount of milk. What are we doing with milk? Hardly 10 to 15 per cent of milk is processed. Rest of the milk is not processed. In developed countries, almost 80 per cent of the food is processed and in India we are processing hardly 7 to 8 per cent of food. Wastage in India is something to the tune of Rs.60,000 crores per annum. If this food is processed properly,

value addition is there, and then it can turn into almost, I think, Rs. 2 lakh to 3 lakh crore wealth for farmers and this will bring about a sea-change in the life style and quality of lives of our farmers. Seventy per cent of our people can live very well. This was the dream of our late young Prime Minister, who is not with us. That was his dream. He said, "If I send one rupee from here, even fifteen paise do not reach the people." He had that sort of feeling for the poor. He wanted to uplift them and that is why he created this Ministry. This is the importance of this Ministry. I am happy that the Minister for Food Processing had guts to bring this Bill here. There are almost twelve Ministries which are dealing with food, agriculture, health, animal husbandry, and many others. But, some way or the other, the Prime Minister realised that it is the Ministry of Food that should handle it. I am really very happy about it. Sir, today, the food business in India is to the tune of Rs. 2,50,000 crores, which amounts to 20 per cent of our GDP. If we can improve this, this can enhance our GDP. Sir, we are talking about eight per cent growth rate. Sir, unless our farmers improve their lifestyles and unless whatever they produce is improved upon and there is value addition to that, they will not produce more. Only when a farmer gets good money, he will try to produce more because that will become an incentive for him. And, with that, he will improve his quality of life and the generations to come in India will be able to lead a better life.

Sir, now I come to this integrated law. Sir, even our youngsters have started going to fast foods, their diet habits are changing. People in the cities, at least, on weekends, try to go out and eat. For this, we need good quality food, and, to maintain that, we have to have proper food laws. That is why, this integrated food Bill is necessary. This will provide for a safe, hygienic, wholesome and nutritious food for all of us, and, that is why, I say, we need this.

Sir, the Government of India has a vision; it wants to make India a food factory of the world by the year 2015, and, to realise this dream, we need post-harvesting facilities. Today, what is happening? We are exporting our food products but what is the average share in the world trade. It is only 1.5 per cent. We are members of the World Trade Organisation and what is that we are exporting. We are exporting only 0.8 per cent to 0.9 per cent, that is our contribution in the world trade. And, if we want to help our own country and help our own people, our share in the world trade should definitely increase to 1.5 per cent of agri trade. Sir, the

Government of India has a plan to improve our trade and make it 1.5 per cent of the whole world trade by the year 2009. And, in this, agriculture can play an important and pivotal role.

Sir, I am very happy that this Bill is actually for farmers and fishermen. Sir, I come from a coastal area. I remember when I was young, sometimes, fishermen used to have a large catch but they could not sell it. Although they used to stay at high seas for days together, bring this catch and come to the shore, nobody would buy it, and, then they had to dump it as manure for the coconut trees. Sir, fish, a valuable product, was dumped as manure for the coconut trees. This is a sad plight that they did not get anything for their hard work. And, for the risk that they took to stay at the high seas for months together, what did they get? Nothing. This used to happen. Now, with this food processing, they can perform well. These fishermen and these farmers will get and can get very good payments.

Sir, I am little worried about - and this is my only concern here - this centralised authority that has been talked about. I would say that it is, to a maximum extent, it will be like a bureaucratic structure. The Chairman will be of the rank of Secretary; there will be seven Joint Secretaries as ex-officio Members and again five from the States and all that. Sir, actually, in this sort of authority, there should be more representation from food technocrats than bureaucrats; otherwise, it would be just another Government body. They do not have any development mind, they will be just authoritative, looking for loopholes to punish the people and the entire vision and the will of the Government to encourage this food processing industry will be hampered.

And, as many others have said, you see, what have they done at the State level? There will be a Food Commissioner. He will also be a Secretary to the Government. You know, their mindset, Sir. Who will be the last man who will deal with this? The SDM or the SDO. Who are they, Sir? They are one of those most corrupt revenue officers. If these people are given this type of task, again, it will give them a handle to make more money. It is just like municipalities. What do they do? They have an understanding with the five star hotels. इतना पैसा देदो, जो चाहे वह करो। They will never go and inspect those five star hotels. They can do whatever they want to do. These people will settle with the same thing, Sir. So, Sir, do not make it such a bureaucratic type of an authority. I would say like Bhabha Atomic Research Centre, they have developed technology here in India to irradiate and to increase the shelf life of our food products, like,

THE VICE CHAIRMAN (SHRI KALRAJ MISHRA): Please conclude now.

MS. MABEL REBELLO: Okay, Sir. This law is very good for people like us, the educated people, staying in the cities. But, how will this law be implemented by the poor people? Seventy per cent of our people are living in the villages. Hardly 50-60 per cent of them are literate. Even if they die by eating adulterated food, by sub-standard food, do you mean to say that they can get justice and they can get compensation? Is it possible for them? So, this mechanism should be simplified so that the least man, the illiterate man, the simplest of the simple man, the poor man, the man in the remote village can get justice. This is my request. So, while congratulating the hon. Minister for bringing forward this Bill, I will not make a long speech since you have already asked me to conclude, but I request him to take care of the last man and the least man. Thank you.

श्री राम नारायण साहू (उत्तर प्रदेश) : धन्यवाद उपसभाध्यक्ष जी। आज मंत्री जी जो यह "खाद्य सुरक्षा और मानक विधेयक" लाए हैं, यह अपने आप में बहुत अच्छा है। बहुत सालों के बाद, एक जमाने, एक लम्बे अर्से के बाद यह विधेयक लाया गया है। बहुत से लोगों ने इस विधेयक के ऊपर अपने-अपने तरीके से बताया, लेकिन इसके अन्दर जो सबसे बड़ी समस्या है, वह है मिलावट की। मिलावट के ऊपर हमारे किसी साथी ने इतना जोर देकर नहीं कहा। मैं कहना चाहूँगा कि आज कल सबसे ज्यादा जो मिलावट हो रही है और जो सबसे ज्यादा घपलेबाजी हो रही है, वह मस्टर्ड ऑयल में हो रही है। उपसभाध्यक्ष जी, यह एक राष्ट्रीय समस्या है। मस्टर्ड ऑयल करीब-करीब हमारे देश के सभी भागों में इस्तेमाल की जाती है। ऐसा होता है कि जब कभी कहीं 100-50 आदमी मर गए, तो फिर सरकार इसके ऊपर बड़ी कड़ाई के साथ, उसी के ऊपर, उसी के पीछे लग जाती है। यह पता चलता है कि वह बहुत बड़ा कानून बना रही है, बहुत देख-रेख कर रही है। लेकिन ज्यादा-से-ज्यादा महीने भर के बाद, जैसे कोको कोला की बोतल या सोडा बोतल जब खुलती है, तो बहुत तेजी से आवाज देती है और बाद में उसका फेन नीचे आ जाता है, इस तरह से मामला चलने लगता है। ऐसा नहीं होना चाहिए। मैं केवल मस्टर्ड ऑयल के ऊपर बोल रहा हूँ, मैं अभी और दो चीजों के ऊपर बोलूँगा। आपने देखा होगा कि यह तेल एक खतरनाक चीज है, जिस तरीके से इसमें मिलावट हो रही है। मैंने बहुत से लोगों को देखा है, जिनके पाँव गलत तेल खाने से बहुत मोटे हो जाते हैं, जिसे हाथी पाँव कहते हैं, एक पाँव पतला और एक पाँव मोटा। गलत तेल सप्लाई होने की वजह से ऐसा होता है। इसके जिम्मेदार या तो मैन्युफैक्चरर्स होते हैं या होलसेलर्स होते हैं, जो होलसेल में बेचते हैं। बेचारे छोटे दुकानदारों को, जो रिटेल में बेचते हैं, मालूम नहीं कि वे क्या लाए, इसके बारे में उनको कोई जानकारी नहीं होती। ये सारी बातें, जो मोटा मुनाफा कमाने वाले होते हैं, मैन्युफैक्चरर्स और होलसेलर्स, वे ही जानते हैं। मैं सभी के बारे में ऐसा नहीं कह सकता कि सभी कंपनियाँ ऐसी हैं। लेकिन ज्यादातर कंपनियाँ, जो मस्टर्ड ऑयल के मैन्युफैक्चरर्स हैं और होलसेलर्स हैं, वे मिलावट करते हैं। अभी करीब दो साल पहले, अब आप कहेंगे कि आप भी लखनऊ में विराजमान रहते हैं, यह आपकी भी जानकारी में होगा, बहुत तेजी

potatoes, onions, garlic and things like that. Such technocrats should be inducted into this authority because they have got a developmental mind. They will help our country. They will see that shelf life of our food products increase. And that is how the farmer can make money. Our mindset should be developmental. Our mindset should be to help the farmers, to help the fishermen and not to negate, not to harm him, not to punish him. My only apprehension in this Bill is I do not know whether it will help the small vendors. That is where I am very, very nervous, because in this country, just like we are talking about bringing retailing business and we do not want large houses to come in retail because we know that small shop fellows will be eliminated. Similarly, the same thing is applicable here also. If you bring in large number of people and this inspector *raj*, the small vendors also have to get themselves registered. When they go for registration, again, they will have to go to the inspector. We are trying to perpetuate this *inspector raj*. On the one side, we are trying to eliminate it, and, on the other, we are trying to perpetuate it, Sir ...*(Time-bell)*.... Sir, can I take two more minutes? So, Sir, I request the hon. Minister to see that no harm is done to the poorest of the poor who makes a living by selling some food at roadside -- may be in Mumbai, he sells *pao-bhaji*; may be in Bangalore, he sells *idli-dosa*. That is the way they make a sustainable living. So, that sustainable living should not be thwarted. That is my request to him, Sir. Then, Sir, there are a lot of punishments for all these people. The punishment is quite harsh and severe. I welcome it. But, at the same time, there is no provision for these inspectors who will indulge in harassing these people and making money. There should be a provision to punish these inspectors as well as the officers like SDM/SDO who will make money on the blood of these small people. So, stringent punishment should be there for these officers as well.

THE VICE CHAIRMAN (SHRI KALRAJ MISHRA): Please sum up now.

MS. MABEL REBELLO: Yes, Sir. I am wondering, this law is very fine for people who stay in the cities. ...*(Interruptions)*... I was told by my Chief Whip that I would be given 15 minutes.

THE VICE CHAIRMAN (SHRI KALRAJ MISHRA): You have already finished the allotted time.

MS. MABEL REBELLO: I thought I have taken only five minutes.

के साथ वहाँ पकड़-धकड़ हुई, लेकिन उसके बाद महीने-डेढ़ महीने बाद जब तक उन्होंने अपनी जमानत नहीं करवा ली, वे लोग कोर्ट के सामने आए ही नहीं, क्योंकि उनके खिलाफ वारंट निकल गया था। एक आदमी भी ऐसा नहीं है, जो वहाँ पकड़ा गया हो, खास कर मैं लखनऊ की बात बता रहा हूँ। ऐसा ही पूरे भारत के अन्दर चल रहा है। इतना सब लोग जानते हैं कि इतनी मिलावट होती है, लेकिन आपने कभी नहीं सुना होगा और कभी नहीं देखा होगा कि कोई पकड़ा गया है, किसी को सज़ा दी गई है या किसी के ऊपर 50 हजार या एक लाख रुपए का जुर्माना किया गया है। अगर ऐसी बात होती, तो यह पेपर में आता। हमने तो आज तक पेपर में नहीं पढा कि किसी को सज़ा मिली। होता यह है कि सरकार कानून बनाती है और सरकार के आदमी, सरकार के जो नुमाइंदे होते हैं, वही सब घपले करवाते हैं। ऐसा नहीं है कि सारे-के-सारे ऐसे हैं। कुछ ईमानदार अधिकारी भी हैं, ईमानदार लोग भी हैं। लेकिन ज्यादातर यही होता है। जैसा कि अभी बताया गया कि तीन सैम्पल्स पकड़े जाते हैं। एक वहाँ जाता है, एक सरकार लेबोरेट्री भेज देती है, एक यहाँ रहता है, एक दुकानदार के पास रहता है। होता यह है कि इसमें सौदेबाजी हो जाती है। जो सैम्पल वे अपने पास रखते हैं, जब सौदा तय हो जाता है, तो मंत्री जी, वे कहते हैं कि हमें दूसरा वाला सैम्पल दे जाओ। हम आप को मोहर लगाकर दे रहे हैं। तो दो सेंपल - अपनी दुकान पर रखने के लिए और एक लेबोरेटरी में रखा हुआ है। फिर उस में 14 दिन का टाइम मिलता है। तो उस के अंदर सारा काम हो जाता है और कोई पकड़ा नहीं जाता है। इसलिए आप इस बात का ध्यान रखें कि दरअसल जो लोग चैक करेंगे, पकड़ेंगे, देखेंगे कि सामान सही है या नहीं, उन के ऊपर भी हम निगरानी रखें कि ये लोग सही ढंग से काम कर रहे हैं या नहीं कर रहे हैं। इतने दिन हो गए और हमारी इतनी उम्र हो गयी, लेकिन हम नहीं समझ पाए। यह कानून तो इतने सालों से पड़ा है, लेकिन कभी कोई पकड़ा गया हो, यह हम नहीं समझ पाए। इसलिए जहां सेंपल पकड़े जाते हैं, इस बात पर विशेष ध्यान रखें।

आप कानून बहुत अच्छा लाए हैं। हमारी एक अरब से ऊपर की आबादी है और यह सभी के लिए बहुत अच्छी चीज है। हर आदमी चाहता है कि अच्छी सेहत रहे। अब ये कुछ कंपनियां हैं, उत्तर प्रदेश में भी हैं और बाहर हैं जोकि बहुत अच्छा तेल बना रही हैं। उन का रेट भले ही ज्यादा हो, लेकिन क्वालिटी अच्छी बना रही हैं। यह मिलावट का जो तेल बिक रहा है यह रिटेल में मिल रहा है। अगर आप दिल्ली में देखलें तो ज्यादातर रिटेल में जो तेल बिकता है, उस के अंदर आप को मिलावट मिलेगी। इसलिए इस के ऊपर ध्यान देना बहुत जरूरी है।

महोदय, मेरे पास 5 मिनट का समय ही है, इसलिए मैंने आप को बता दिया कि घपला कहां से शुरू होता है और कहां तक जाता है। जो चैक करने वाले लोग हैं, उन के ऊपर भी आप को निगाह रखनी होगी। उन के बारे में भी कुछ सोचना होगा।

इसी तरह जो पिसे हुए मसाले होते हैं, उस में चाहे हल्दी हो, धनिया हो, खटाई हो या मिर्ची हो - सभी में मिलावट होती है। मैं किसी कंपनी का नाम नहीं लेना चाहता कि वह खराब है और यह अच्छी है, लेकिन कुछ कंपनियां हैं जिनके मसाले ठीक हैं, लेकिन छोटे शहरों या mediocre शहरों में बिकने वाले मसालों के अंदर भरपूर मिलावट होती है। आप खटाई को ले लीजिए। आप खटाई बाजार से खरीदकर लाएं और फिर पिसवाएं तो बहुत महंगी पड़ेगी और बढ़िया पैकिंग के अंदर जो पिसी हुई खटाई मिलेगी वह बहुत सस्ती पड़ती है? सवाल यह है कि उन को सस्ती क्यों पड़ती है? इन दोनों में 50 परसेंट का फर्क होता है। अगर आप अपने यहां

4.00 P.M.

लाकर पिसवाएं तो 50 परसेंट महंगी पड़ेगी और जो बढ़िया पैकिंग में होगी, देखने में बहुत अच्छी होगी, वह 50 परसेंट सस्ती मिलेगी। इस का कारण क्या है? ए ेर है कि उस में मिलावट होती है। इन सब बातों पर ध्यान देना होगा। अगर अच्छी तरह से इम्प्लीमेंट हो जाए तो यह कानून बड़ा अच्छा है।

इसी तरीके से जो पान मसाला है, वह सारे भारत में खरीदा जाता है और बाहर एक्सपोर्ट भी किया जाता है, लेकिन उस के अंदर क्या मिला होता है? इन में भी कहना पड़ेगा कि कुछ पान मसाले अच्छे हैं, पर ज्यादातर मसाले जो छोटे शहरों में बिकते हैं, जो छोटी-छोटी दुकानों पर बिकते हैं, उन के अंदर सड़ी हुई सुपारी और कत्थे की जगह दूसरा मसाला होता है। इस समय यह बहुत ज्यादा बिक रहा है। मैं यह ते नहीं कह सकता कि आप उस के ऊपर बैन लगा दीजिए क्योंकि बहुत से लोगों की रोजी-रो। इस से जुड़ी हुई है। मेरा कहना यह है कि कीमत चाहे जो भी हो, लेकिन लोगों को क्वालिटी बहुत बढ़िया मिलनी चाहिए। इस के ऊपर ध्यान देना बहुत जरूरी है। इस में भी अगर छोटे दुकानदारों को पकड़ा जाएगा, तो उन्हें तो मालूम नहीं होता। वह तो होलसेलर से उसे ले आते हैं। तो चाहे तेल हो, चाहे पिसा हुआ मसाला हो और चाहे पान मसाला हो, इस के लिए तो आप को होलसेलर को और मैनुफैक्चरर को ही पकड़ना पड़ेगा। यह बहुत जरूरी चीज है। आज पान मसाला छोटे-छोटे बच्चे इस्तेमाल कर रहे हैं। यह तो बड़ी हानिकारक चीज़ है। ये जो कोल्ड ड्रिंक्स आ रही हैं, उनमें पेप्सी है, कोका कोला है, इस टाइप की इनके अलावा और भी कम्पनियाँ हैं, मैं किसी को particularly नहीं कह सकता, लेकिन किसी भी कम्पनी के अन्दर की भी देख-रेख होनी चाहिए। उसमें आप कभी-कभी देखेंगे कि मच्छर निकल जाएगा या मक्खी निकल जाएगी। वे कहाँ से लाते हैं, कैसा बनाते हैं या क्या करते हैं, तो उनके ऊपर भी वॉच करना बहुत जरूरी है। मंत्री जी, कहते हैं कि जैसा खाएँगे अन्न, वैसा रहेगा मन और हमारी सोच भी वैसी ही बढ़िया बनेगी तथा वैसी ही बढ़िया हमारी तन्दुरुस्ती भी बनेगी। आप बिल तो बहुत बढ़िया लाए हैं, लेकिन इसका इम्प्लिमेंटेशन अच्छे ढंग से हो जाए, तो इससे बढ़िया कोई चीज़ नहीं है। मैं ज्यादा समय न लेते हुए मोटी-मोटी जो चीजें थीं, वे बातें मैंने आपको बता दीं हैं। बहुत से लोगों ने टेक्निकल चीजें जो बताईं, मैं उनमें नहीं गया हूँ। मैं तो केवल मूल चीजों पर ही गया हूँ। तो मैं इस बिल का स्वागत करते हुए आपसे पुनः आग्रह करता हूँ कि हमने जो बातें कही हैं, उन पर विशेष ध्यान दिया जाए। धन्यवाद।

SHRI R. SHUNMUGASUNDARAM (Tamil Nadu): Sir, my congratulations and compliments to the Minister for bringing in a new comprehensive legislation for food safety, and to maintain food standards by preventing adulteration. This legislation will repeal, at least, one Act, and nearly about 6 or 7 Control Orders, which were issued under the Essential Commodities Act and which are listed under the second Schedule. The old and archaic provision of the Food Adulteration Act is being repealed. Sir, this Bill will set at rest the debate whether water is a food article or not. Under section 3(f), there is an inclusive definition given, and some amount of

elasticity is also given to the Government to issue a notification to include any food articles, which the Government may declare from time to time. Sir, packaged drinking water is brought under section 3(f) as a food. It is reported that food sector constitutes nearly 26 per cent of GDP. We should not forget the rapid growth in population. The rapid growth in population gives rise to food requirement. The Government is duty bound to ensure the supply of safe, unadulterated, hygienic and wholesome food to the citizens. The Government has to provide facilities for increase in production. In Tamil Nadu, 60 per cent of the people are dependant on agriculture and related activities. The new Government in Tamil Nadu has waived farm loans to the tune of Rs. 6,866 crores. Another thousand crores of rupees is being provided by the Tamil Nadu Government for payment to cooperatives to enable them to extend new crop loans to farmers at 7 per cent rate of interest. These loan waivers and farm loans will help increase the agricultural production. Whatever is the quantity of production which is going to be achieved, there will be large scale wastages if there is no wastage prevention, and proper processing facilities. I happened to see a news on Doordarshan Tamil Channel yesterday that about 1500 acres of sugarcane plantation was destroyed by rodents. Of course, I expect that both the Central Government and the State Government will give adequate compensation. But, they should also take appropriate measures to prevent such occurrences..

Sir, what will be the action for preserving the produced foodgrains and articles? Preservation is done only through food processing. The lack of processing facilities forces a large-scale wastage of food articles. Food processing or other processing aid requires the use of additives. There is an increase in the usage of additives because of the increase in the quantity of processing the food articles. Use of additives in processing food articles may result in the presence of residues or derivatives in the final product. Regulations are necessary to oversee the usage of additives or the processing aid. Clause 19 of the Bill mandates that the use of additives is prohibited unless it is in accordance with the provisions of the Act and regulations. The presence of residues, including pesticide residues, is attempted to be eradicated totally.

Restriction of advertisement and prohibition as to unfair trade practice has been included through clause 24 of the Bill. Misleading or deceptive statements regarding the quality, standard or quantity or grade composition is prohibited. Sir, this Bill dispenses with the Licence Raj as far

as petty manufacturers, hawkers, vendors etc. are concerned. They are required to take only registration as per clause 31(2). This will give a great relief to the petty traders. I extend my special compliments to the UPA Government in this regard.

Limitation of one year to launch prosecution is fixed under clause 77. That, I feel, is a little longer period. This requires to be reduced to six months. The Commissioner of Food Safety can extend time in appropriate cases taking into consideration the individual merits. Sir, this will prevent laxity.

Appeal time is also reduced considerably, and now, the present appeal time is only 45 days as per clause 76, and that too, after depositing fees or compensation, the appellant is allowed to prefer an appeal.

Sir, the quantum of penalty, namely, fine amounts are increased. In most of the cases, the prison sentence has been dispensed with, and this is a unique and significant change. There is one welcome change in clause 64(2) regarding the punishment of a person previously convicted if he repeats. The court may also cause the offender's name and place of residence, the offence and the penalty imposed on him to be published at the offender's expense, and it can be recoverable from the offender himself.

Sir, compounding is permitted under clause 69. For compounding of the offence, there is one provision. Whichever offence is punishable with imprisonment, no compounding is permitted. This, Sir, is also welcome. Sir, under clause 74, special courts are allowed to be constituted and that, according to me, will complicate the situation. ...*(Time Bell)*... Sir, I will take one minute more because it is a very crucial point regarding special courts. Under clause 74, the Bill prescribes special courts for offences punishable with three years or above. I could lay my hands only on two provisions, namely, clauses 53(3) and 53(4) which prescribe a punishment of three years or more. All other offences are not punishable with this amount of sentence. Therefore, there is going to be a dichotomy. Some offences will go to the special courts and some offences will go to the magistrate courts and regular courts. Sir, then there would not be any uniformity and the sentencing policy will be at stake. The hon. Minister should take care of this also. It would be better, if all the offences go to the Special Court.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI KALRAJ MISHRA): Please conclude.

SHRI R. SHUNMUGASUNDARAM: Sir, I will take only one more minute. I would like to request the hon. Minister to concentrate on increasing the facilities for conducting appropriate food technology courses. Adequate number of study courses in food technology be introduced and

the students must be properly counselled to take up such courses of study. I also request the hon. Minister to step up the campaign on the necessity for consuming nutritious, safe and quality food.

With these words, I congratulate the hon. Minister and compliment him for bringing forward this Bill. Thank you.

डा. नारायण सिंह मानकलाव (नाम निर्देशित) : उपसभापति महोदय, इस बिल पर कल से लगातार चर्चा हो रही है। मेरे कई पूर्ववक्ताओं ने इस पर अपने विचार व्यक्त किए हैं। मैं खाद्य सुरक्षा और उसको स्टेंडर्डाइज़ करने के लिए जो अथॉरिटी बनाई गई है, उसके बारे में कुछ कहना चाहता हूं। मेरा यह मानना है कि खाद्य सुरक्षा मानव जीवन का एक बहुत ही महत्वपूर्ण और आवश्यक पहलू है, जिसके तहत उसकी शुद्धता और उपलब्धता, दोनों ही बहुत आवश्यक हैं। खाद्य सुरक्षा की जब बात चलती है तो उसको दो भागों में बांटा जा सकता है - एक खाद्य की उपलब्धता और उसका वितरण, जिसे वितरण व्यवस्था कहते हैं और दूसरा है जो मिल रहा है, वह खाद्य है या अखाद्य है। अगर वह अखाद्य है, खाने योग्य नहीं है, उसमें कोई मिलावट है या प्राब्लम है, तो उस पर विचार करने की जरूरत है। जहां तक मैं समझ पाया हूं इस बिल का मंतव्य अखाद्य चीजों को रोककर, मिलावट, कालाबाजारी और घटिया निर्माण को कंट्रोल करना है। जहां तक मिलावट का प्रश्न है, श्रीमन्, खाद्य की हर चीज में मिलावट है। मैं तो यहां तक कहता हूं कि अखाद्य और ज़हर जो मिलता है, उसमें भी मिलावट हो रही है। इसलिए खाद्य पदार्थों की मिलावट की बात आम बात है और उसको पकड़ने तथा रोकने के लिए यह बिल आया है। कालाबाजारियों को रोकने के लिए भी यह बिल है, जो कृत्रिम अभाव पैदा करते हैं और उस कृत्रिम अभावों के बाद दामों में बढ़ोत्तरी करते हैं और उनकी उपलब्धता को सीमित करते हैं। खाद्य वस्तुओं का घटिया निर्माण करने से मानव स्वास्थ्य पर उनका विपरीत असर पड़ता है। इन सब बातों को दृष्टिगत रखते हुए मंत्री महोदय ने इस बिल को हमारे सामने रखा है। मंत्री जी ने जो इसका मंतव्य बताया, उसमें यह स्पष्ट है कि फूड प्रोसैसिंग मंत्रालय के अंतर्गत, जो उनका मंत्रालय है, जिसके तहत वे अपना कार्य कर रहे हैं, एग्रीकल्चर फूड को किस प्रकार से प्रसंस्कृत करके, प्रोसैस्ड करके उसे इस बहुराष्ट्रीय व्यापार और ग्लोबलाइजेशन के युग में बाहर भेजा जा सके। यह बहुत ही सही कहा था मेरे पूर्ववक्ता ने कि आज किसानों की जो उपज है - प्याज़ है, लहसुन है, सब्जियां हैं या ऐसी ही कई अन्य चीजें हैं, जो प्रोसैस्ड न होने के कारण किसानों को ज्यादा लाभ नहीं दे पा रही हैं, उनको प्रोसैस्ड करने का काम इस बिल के द्वारा होगा। इस बिल से मंत्री जी का मंतव्य था कि इंस्पेक्टर राज समाप्त हो जाएगा, परन्तु इस बिल को ध्यान से पढ़ने पर पता चलता है कि इंस्पेक्टर जो पहले 5, 10 या 15 रुपए लेकर दुकानदार को छोड़ दिया करता था, वह अब ज्यादा रुपए मांगेगा क्योंकि जब एक लाख रुपए जुर्माने की व्यवस्था होगी तो उसका अपना टैक्स भी बढ़ जाएगा और जिन लोगों के हाथ में यह काम दिया गया है, उन लोगों का आज तक का इतिहास या रिकॉर्ड क्या रहा है या वे जिस प्रकार का व्यवहार करते हैं, उसे देखते हुए ऐसा नहीं लगता कि यह इंस्पैक्टर राज खत्म होगा। अगर यह खत्म होगा तो किसी इंस्पैक्टर जनरल का राज शुरू होने की इसमें ज्यादा गुंजाइश रहेगी। मिलावटी कारोबारियों को दंडित करने के लिए भी इसमें प्रावधान किया गया है और इसमें धारा 25 (1), (2) और (3) के अंतर्गत आयात करने पर केन्द्रीय सरकार के विदेश व्यापार विकास और विनिमय अधिनियम, 1992 के अधीन आयातित खाद्य पदार्थ को प्रतिनियमित करने का

एक अधिकार है। परन्तु मेरा यह निवेदन है कि जब सरकार स्वयं आयात करेगी, जैसे अभी गेहूं आयात किया है, उसकी गुणवत्ता को जांचने के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। जबकि होना तो यह चाहिए कि सरकार भी उसके घेरे में आनी चाहिए, केवल कारोबारी ही नहीं आने चाहिए, क्योंकि अगर भेजने वाला किसी तरह की कोई घटिया चीज़ भेज दे, तब क्या होगा। इसलिए उसे भी इसके अन्दर लेना चाहिए।

धारा 45, 46 और 47 के अंदर मुझे लगता है कि छोटे कारोबारियों को ही निशाना बनाया जाएगा, बड़े-बड़े अपराध करने वाले लोग इससे बच सकते हैं, क्योंकि उनके पास इसकी पर्याप्त व्यवस्था है। उनके पास पीआर भी है और वह सारी व्यवस्थाएं हैं जो उस लैवल पर की जा सकती हैं।

धारा 19 में पैस्टिसाइड्स और अदर ड्रग्स की बात की गई है। मेरा यह विनम्र निवेदन है कि कई चीज़ें ऐसी हैं, जिन पर कई एनजीओज़ ने कहा है कि इसमें पैस्टिसाइड्स हैं। क्योंकि वे चीज़ें मल्टीनैशनल्स की हैं, हम उनका कुछ भी नहीं बिगाड़ सकते हैं और आज भी उनकी चीज़ें धड़ल्ले से बिक रही हैं। किसी चीज़ में कितनी घातक वस्तुए हैं, पैस्टिसाइड्स हैं अथवा कोई और चीज़ है, उसको भी इस कानून मे लेने की बात कही गई है, किन्तु यह विचार करने योग्य विषय है कि उसकी क्रियान्विति कैसे होगी।

अभी साहू जी ने बहुत ही विस्तार से गुटके के बारे में कहा। उसमें घटिया सामग्री तो यूज़ की ही जाती है, परन्तु उसके साथ ही साथ उसमें टॉक्सिकेशन भी होता है। उसके अन्दर ऐसी नशीली चीज़ें एवं दवाएं भी मिलाई जाती हैं, जिससे कस्टमर उस विशेष प्रकार के ट्रेडमार्क के प्रोडक्ट का ही उपयोग करेगा। वह उसी गुटके का प्रयोग करेगा क्योंकि उसमें जो स्वाद मिलेगा, उसे दूसरे ट्रेडमार्क के प्रोडक्ट में नहीं मिलेगा। यह स्वाद दूसरे प्रोडक्ट से न मिले, उसके लिए उसमें ऐसी कई चीज़ें मिलाई जाती हैं, इन चीज़ों का ध्यान रखते हुए, इन्हें भी देखने की आवश्यकता है।

श्रीमन्, यह जो बिल है, इसमें कहा गया है -

> "The Bill has dealt with many provisions relating to food safety enforcement as mentioned in clauses 41 and 42. The Food Safety Officer has been given wide ranging power for inspecting food business, drawing of samples as also power for search, seizure, investigation and persecution. All these are welcome provisions. But the overwhelming power in the hands of Enforcement Officers, without giving any opportunity to the representatives from the food trade and industry to be heard before prosecution, might lead to exploitation and devastation of the trade."

श्रीमन्, इसके बाद मैं यह कहना चाहता हूं कि यह जो फूड एथॉरिटी बनी है, इसका जो सीईओ है, वह भी एक आईएएस ऑफिसर है और पूरी रेगुलेटरीज़ में वह केवल दो या तीन साल के लिए आएगा। यहां पर कई प्रकार की रेगुलेटरी एथॉरिटीज़ बनी हुई हैं, उन सबमें भी आईएएस ऑफिसर्स हैं, उनका उसके प्रति क्या कमिटमेंट होगा और वे ऑफिसर्स उसके प्रति क्या

कर पाएंगे? उनका जो ब्यूरोक्रेटिक व्यू है, उसे कैसे कंट्रोल किया जाएगा, हमें इन बातों के ऊपर भी सोचने की जरूरत है।

श्रीमन् जो एडवाइज़री कमेटी बनाई गई है, उसका हैड उनका सीईओ ही है। अब, सीईओ, जो चेयरमैन के अंडर काम करता है, वह उनको क्या एडवाइज़ करेगा। इसलिए एडवाइज़री कमेटी एक सैपरेट स्टेटस की होनी चाहिए थी, जो इस एथॉरिटी को कुछ सारभूत चीज़ें बता सकती। जब यह उन्हीं की बनाई हुई एक छोटी सी संस्था है, इसलिए वह एडवाइज़ करने की स्थिति में ही नहीं रहेगी। इस प्रकार से यह जो प्रयास किया गया है, इससे जो इस बिल का मंतव्य है, वह पूरा होता हुआ दिखाई नहीं देता है, इसलिए इस पर किसी और तरह से सोच कर काम किया जाना चाहिए। धन्यवाद।

SHRI SHANTARAM LAXMAN NAIK (Goa): Sir, the Food Safety and Standards Bill, 2005, I would like to say, is a historic Bill. I recollect the Consumer Protection Act passed by Parliament in 1986 at the instance of Shri Rajiv*ji*. I consider this historic Bill is an extension of that concept. And, therefore, this is a historical Bill. Sir, in this country, because of food adulteration and other aspects of marketing, people die either instantaneously or by slow poisoning. Instances come from several parts of the country, and, therefore, this legislation is a safeguard towards that.

Sir, there are 101 Clauses in the Bill. It is a very, very exhaustive Bill and each Clause, I must say, -- there may be flaws -- has been drafted with all seriousness. The only problem is, there must be sincere implementation process and implementation mechanism for the purpose of implementing this Bill.

Sir, Clause 18 of the Bill narrates certain objects which are quite laudable. But, Clause 18(1)(d) is one of the vital Clauses which can negate the objectives. Sir, it says, 'the measures adopted on the basis of clause (c) shall be proportionate and no more restrictive of trade than is required to achieve appropriate level of health...' It means, if any part of or any action under this Act is considered to be restrictive of trade, then, it can be interpreted otherwise. For instance, if a drug is substandard, if there is a misrepresentation, if there are harmful effects of a drug, and somebody interprets these as restricting the trade, then the entire Act can be negated. Therefore, much lies in the interpretation of the fact as to what is 'restrictive of trade.' It is because, if these substandard things are brought to the notice or misrepresentations are brought to the notice, obviously, there must be some restrictiveness in the trade. How can you achieve the objective without bringing in some restriction on the trade? Therefore, it lies in the mechanism to see that it is not interpreted in the wrong manner. The

objective should be considered with priority, rather than any restriction on the trade. In other words, supposing, these aspects are not informed to the public, in the name of having restrictive of trade, it is interpreted otherwise and it will be harmful.

Secondly, Sir, there is a very important Clause 5 which gives one-third representation for women. This is a welcome thing. I am sure, the hon. women Members would welcome it. Sir, one-third representation has been given in the authority.

Sir, Clause 6(e) provides for selection of Members of the Food Authority and the Chairman. There is a Committee. Why that Committee should have restriction to choose ex-officio members? All members can be chosen by that Committee, except ex-officio members. Ex-officio members represent various departments and the department concerned itself can give a panel of names and ex-officio members can be selected from this panel by the Selection Committee. Therefore, bureaucracy cannot keep itself away from the selection process. They can be selected by the Selection Committee. It is not fair. Therefore, even ex-officio members are to be covered in this.

Then, I come to the aspect of insecticides and pesticides under Clause 21(1). The tolerance limit is a very, very sensitive aspect as far as insecticides and pesticides are concerned. There was a big war between Coca Cola and Pepsi. And, when these provisions will be sought to be implemented these two companies will be fighting like cats and dogs and we will be watching the entire scenario. The entire T.V. will bring no other fact, whole T.V. news will be covered by Coca Cola and Pepsi war, which is imminent after the law comes into force. We don't know what are the contents, what are the tolerance limits. Sometimes I wonder foreigners also drink Pepsi and Coca Cola like anything. Is their product different from what is sold in this country because they are very conscious of their health? Therefore, these things must be covered in the implementation part of this.

Then, as far as tolerance limit is concerned, it has to be fixed by a regulation. Now, regulations come on one date. The Act is here; there are the rules. Whenever Government publications are made available to the members of public, Act, rules and regulations must also be simultaneously made available because unless you have got a copy of regulation this Act will not make any sense because we are legislating hardly 25 per cent.

Most of the things will be contained in the regulation. Therefore, Government publications, as far as this Bill is concerned, when it becomes Act, must incorporate rules and regulations. This is a very important aspect because the whole scenario, today, of food products and other consumer items goes on advertisements. Amitabh Bachchanji tells us to eat particular type of *Chawanprash*, or, a particular company's *Hazmola*, or, Cadbury. Then, Hemaji, our own colleague, is canvassing for a particular type of water purifier. Then, somebody says, "ठंडा मतलब कोका कोला". Now, are you going to tolerate this misrepresentation because *thanda* does not mean Coca Cola? That is a known fact. Are you going to consider this as a misrepresentation or not because *thanda* is not Coca Cola, *thanda* means *thanda* -- cold. Then, one actor jumps in an advertisement from a very high altitude to pick up a bottle of Thumbs Up. Are we going to tolerate this because there may be accidents, children may imitate that, though there is a warning that this should not be attempted to? Therefore, these aspects, in an advertisement, should be taken under 'misrepresentation' or whatever it is.

